भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 956

25 जुलाई, 2022 को उत्तर के लिए

इस्पात के उत्पादों की कीमतों में उतार-चढ़ाव

956. श्री जवाहर सरकार:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस्पात उत्पादों की अत्यधिक उतार-चढ़ाव वाली कीमतों की जानकारी है, जैसे 1 मिलीमीटर की फुल हार्ड कोल्ड रोल्ड स्टील, जिसकी कीमत हाल के दिनों में 95 हजार रुपये प्रति टन से 40 हजार रुपये प्रति टन के बीच रही हैं;

(ख) क्या सरकार को इन उत्पादों की कीमतों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव के कारण उद्योग जगत के समक्ष पेश आ रही समस्याओं के बारे में भी जानकारी है; और

(ग) सरकार कोयले की निविष्टि लागत में और अधिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय कर रही है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) से (ग): विगत दो वर्षों और वर्तमान वर्ष के लिए 1.00 एमएम कोल्ड रोल्ड (सीआर) क्वायल्स के लिए औसतन खुदरा बाजार कीमत का विवरण **अनुलग्नक-I** में संलग्न है। इस्पात की कीमत चक्रीय प्रकृति की होती है तथा यह माँग और आपूर्ति, वैश्विक बाजार की स्थितियों, कच्चे माल की कीमतों के रुझान, लॉजिस्टिक लागत, बिजली और ईंधन लागत आदि पर निर्भर करती है। कोयले की कीमतों को स्थिर करने और इस्पात उत्पादकों की समस्याओं से निपटने के लिए सरकार ने दिनांक 21.05.2022 की अधिसूचना के तहत, इस्पात के कच्चे माल, जिसमें कोकिंग कोल शामिल है, के शुल्कों में संशोधन किए हैं जिसमें एंथ्रेसाइट/पल्वराइज्ड कोक इंजेक्शन (पीसीआई) कोयला, कोक और सेमी-कोक पर आयात शुल्क को घटाकर शून्य कर दिया गया है।

****

<u>अनुलग्नक-I</u>

औसत बाजार कीमत (खुदरा) : सीआर क्वायल्स 1.00 एमएम					
वित्त वर्ष 2020-21		वित्त वर्ष 2021-22		वित्त वर्ष 2022-23	
महीना	**कीमत**	**महीना**	**कीमत**	**महीना**	**कीमत**
अप्रैल	43068	अप्रैल	72081	अप्रैल	85237
मई	42457	मई	78636	मई	79106
जून	42794	जून	80297	जून	70915
जुलाई	42142	जुलाई	78561		
अगस्त	44657	अगस्त	77542		
सितंबर	46822	सितंबर	75472		
अक्टूबर	50809	अक्टूबर	77542		
नवंबर	51627	नवंबर	77886		
दिसंबर	58445	दिसंबर	74816		
जनवरी	66564	जनवरी	71517		
फरवरी	63199	फरवरी	74314		
मार्च	64377	मार्च	82566		
कीमत: रुपये प्रति टन (जीएसटी को छोड़कर); स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी)					

*****